दिनांकः 04.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- राज्य में उपचुनाव वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में आज से होम वोटिंग की प्रक्रिया शुरू।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज से चार देशों की यात्रा पर–आस्ट्रेलिया में राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के सम्मेलन में प्रदेश का करेंगे प्रतिनिधित्व।
- विदेशी निवेशकों, को आमंत्रित करने के लिए उद्योग और वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई के नेतृत्व में सरकार का प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब के दौरे पर।
- प्रदेश में दीपावली अवकाश के दौरान पर्यटन स्थल रहे सैलानियों से गुलज़ार।

000

राज्य में उपचुनाव वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में पात्र दिव्यांगजन और 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए आज से होम वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो रही है। ये प्रक्रिया दस नवम्बर तक चलेगी। होम वोटिंग के समय इन मतदाताओं के घर मतदान दलों के अलावा राजनीतिक दल और प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। पहले चरण में मतदान दल मतदाताओं के घर आज से आठ नवम्बर के बीच पहुंचेंगे। इस दौरान किसी कारणवश होम वोटिंग से वंचित रहे पात्र मतदाता नौ और दस नवम्बर को भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। गौरतलब है कि सात विधानसभा सीटों पर 13 नवम्बर को मतदान होना है।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज से चार देशों की यात्रा पर रहेंगे। श्री देवनानी आज आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे। वे आस्ट्रेलिया में कल से आठ नवम्बर तक होने वाले राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के पोस्ट कॉन्फ्रेन्स स्टडी ट्यूर के तहत इण्डोनेशिया, सिंगापुर और जापान भी जाएंगे। यात्रा के दौरान श्री देवनानी इन देशों में भारत के राजदूतों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा श्री देवनानी इन जगहों के विधायी निकायों का अवलोकन करेंगे और संसदीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श करेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर और जापान में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों, शिक्षाविदों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से भी मुलाकात करेंगे।
गौरतलब है कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का यह वार्षिक सम्मेलन है। यह सम्मेलन हर साल अलग–अलग देशों में आयोजित किया जाता है। श्री देवनानी राष्ट्रमंडल ससदीय संघ के भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं।

000

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देशभर में अगले पांच से सात वर्षों में रेलवे का कायाकल्प हो जाएगा। श्री वैष्णव ने कल केरल के कोझिकोड में मीडिया कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत एक लाख करोड़ रुपये की लागत से 1 हजार 334 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें से 1 हजार 100 स्टेशनों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि सरकार देश के विभिन्न हिस्सों में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान की एक श्रृंखला स्थापित करने की योजना बना रही है।

000

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गुरजंटसिंह बराड़ का कल शाम निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे और काफी समय से बीमार चल रह थे। श्री बराड़ दो बार हनुमानगढ के संगरिया और एक बार श्रीगंगानगर के सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 1977 से की और 1993 में पहली बार चुनाव जीता तथा निर्दलीय विधायक चुने गए।

उन्होंने सिंचाई मंत्री की जिम्मेदारी भी निभाई। उनका अंतिम संस्कार आज पैतृक गांव में किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से परिजनों को ये दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

000

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत विदेशी निवेशकों, को आमंत्रित करने के लिए उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब के दौरे पर है। तीन दिवसीय यात्रा में यह प्रतिनिधिमंडल आज रियाद में आयोजित इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लेगा और सऊदी अरब सरकार के अधिकारियों तथा सार्वजनिक और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों तथा अन्य स्टेकहोल्डर्स से मुलाकात करेगा।

इसमें सऊदी अरब के सहायक निवेश मंत्री इब्राहिम युसेफ अल मुबारक से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। इस बीच, विभिन्न जिलों में आयोजित किये जा रहे इन्वेस्टर मीट के तहत आज जोधपुर में कई एमओयू किये जाएंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल इस दौरान मौजूद रहेंगे। इस समिट में होने वाले एमओयू से 57 हजार नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

...............

000

प्रदेश में दीपावली अवकाश के चलते पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार रहे। जयपुर के आमेर महल सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों पर देशी—विदेशी पर्यटकों की रौनक देखने को मिली। हमारे संवाददाता ने बताया कि आमेर महल में नौ हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे। इसके अलावा जंतर—मंतर, हवा महल, नाहरगढ किला और अल्बर्ट हॉल को देखने भी हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे।

...............

उदयपुर में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। वहीं बारां में पर्यटन को बढावा देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में रामगढ़ क्रेटर क्षेत्र के विकास के लिए कल ईको टूरिज्म की वन संरक्षक सुदीप कौर ने क्षेत्र का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिला कलेक्टर के साथ भी इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कूनो, रामगढ़ क्रेटर, मुकुंदरा शेरगढ़, सोरसन तथा कोटा रिवर फ्रंट को शामिल करते हुए टूरिज्म सर्किट को विकसित किया जाएगा।

000

बीकानेर में आज से अमृता हाट मेला आयोजित किया जा रहा है। संभाग स्तरीय ये मेला दस नवम्बर तक चलेगा। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने बताया कि इस मेले में विभिन्न हस्त शिल्प उत्पाद और खाने पीने की चीजों की स्टॉल्स लगाई जाएंगी। इस दौरान रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मेले में राज्य के लगभग सभी जिलों से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और आर्टीजन भाग ले रहे हैं।

000